INDIAN SCHOOL SALALAH

FIRST TERM EXAMINATION – SEPTEMBER 2024

HINDI

HINDI 2nd LANGUAGE

**Class: VII** **Date: 01.10.24**

**Time: 3 Hrs.** (कुल प्रश्न - 11 कुल पृष्ठ - 4) **Maximum Marks: 80**

---

**खण्ड - क**

**01. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **5x1=5**

"एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानो पेड़ों का सरताज हो। जब वसंत के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता परिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदन वन बन जाता। चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की तरफ़ भागता । सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ, सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जातीं।"

**i) परिजात को पेड़ों का सरताज कहा गया है क्योंकि -**

**क.** उसकी सुंदरता और शान बेजोड़ थी **ख.** वह पेड़ों का मित्र था

**ग.** उसका रंग-रूप निराला न था **घ.** कोई उसका मित्र न था

**ii) परिजात किस प्रकार सबको अपनी तरफ़ आकर्षित करता था?**

**क.** शत्रु की तरह **ख.** चुंबक की तरह

**ग.** ईश्वर की तरह **घ.** फूलों की तरह

**iii) परिजात का फूलों से ढका होना किस चीज़ की याद दिलाता था?**

**क.** वर्षा की **ख.** पतझड़ की

**ग.** आकाश में टंगे तारों की **घ.** सरदी की

**iv) चटकीली तितलियाँ परिजात के पास क्यों आती थीं?**

**क.** फूलों का पराग ले जाने **ख.** काँटे ले जाने

**ग.** डालों से पत्ते तोड़ने **घ.** खेलने

**v) परिजात के फूलों की सुगंध जंगल को नंदन वन बनाती थी इसका क्या अर्थ है -**

**क.** जंगल को बेजान बना देती थी **ख.** जंगल को निर्जीव बना देती थी

**ग.** जंगल को सुंदर और मनमोहक बना देती थी **घ.** जंगल को सुखा देती थी

**02. i) निम्नलिखित शब्दों का वचन बदलिए-** **2x½ =1**

**क.** किनारा **ख.** कला

**ii) निम्नलिखित शब्दों का विलोम लिखिए-** **2x½ =1**

**क.** लाभ **ख.** ऊँचा

**iii) निम्नलिखित शब्दों का लिंग बदलिए -** **2x½ =1**

**क.** विद्वान **ख.** पुत्र

**iv) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए-** **2x1 =2**

**क.** सागर **ख.** पथ

**v) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-** **2x1 =2**

**क.** जो ऊँचे कुल में पैदा हुआ हो **ख.** जिस पर विश्वास किया जा सके

**vi) मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए-** **2x1 =2**

**क.** हाथ बँटाना **ख.** दाने - दाने को मोहताज होना

**vii) निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए-** **2x1 =2**

**क.** भोजनालय **ख.** नदीश

**viii) उचित समुच्चयबोधक शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिए-** **2x1 =2**

**क.** मनोज ने मेहनत तो की _______ सफल न हो सका।

**ख.** बहुत बारिश हो रही थी _______ बच्चे स्कूल न जा सके।

**ix) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए-** **2x1 =2**

**क.** पिताजी ने कल शाम राजेश को बुलाई।

**ख.** सुधीर पत्र लिखते-लिखते थक गई।

**03. <u>किसी एक</u> विषय पर अनुच्छेद लिखिए-** **5**

**क.** परोपकार **ख.** पौष्टिक आहार का महत्त्व **ग.** सच्चा मित्र


**04.** अपने नए विद्यालय का वर्णन करते हुए दादाजी को पत्र लिखिए। **5**

**<u>अथवा</u>**

बिजली की आपूर्ति की शिकायत करते हुए बिजली अधिकारी को पत्र लिखिए।

**05. दो मित्रों के बीच खेल दिवस की तैयारी को लेकर संवाद लिखिए।** **5**

**06. चित्र देखकर उसका वर्णन 30 से 40 शब्दों में कीजिए- 5**



## खण्ड - ख

**07. गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- 5x1=5**

मंत्री समझ गया कि लड़के की बुद्धि खुल गई है। उसने अपने मीत से विदा ली। राजधानी पहुँचकर उसका पुत्र अध्ययन में चौगुने उत्साह से लग गया। हर रोज वह जो कुछ सीखता मन ही मन अपने काल्पनिक मित्र को भी सिखाता था। इस तरह हर पाठ दोहराया जाता। लड़का मन लगाकर पढ़ने लगा। वह विद्याएँ सीखता गया। अच्छे गुणों से संपन्न होता गया। छह वर्ष बाद वह भी प्रकांड पंडित बन गया और आगे चलकर अपने पिता का उत्तराधिकारी बना। गुरुजी यह कहानी सभी को सुनाते। विशेष रूप से उन शिष्यों को जिनका मन पढ़ाई में लगता ही नहीं था। इस कहानी का सभी शिष्यों पर बड़ा प्रभाव पड़ता। उनमें पढ़ाई-लिखाई के प्रति नया उत्साह भर जाता। सब जी-जान से पढ़ने लगते। वे स्वयं ही नहीं पढ़ते, अपने सहपाठियों को भी पढ़ाते। आखिर मीत का भाग भी तो रखना था।

**i) कहानी में मंत्री ने क्या समझा?**

**क.** लड़के की बुद्धि कमज़ोर है **ख.** लड़के की बुद्धि खुल गई है

**ग.** लड़के को पढ़ाई में रुचि नहीं है **घ.** लड़के का मन खेलकूद में है

**ii) लड़का राजधानी पहुँचकर किस कार्य में लग गया?**

**क.** अध्ययन में **ख.** खेल में

**ग.** व्यापार में **घ.** नौकरी में

**iii) छह वर्ष बाद लड़का क्या बन गया?**

**क.** राजा **ख.** प्रकांड पंडित

**ग.** महान लेखक **घ.** व्यापारी

**iv) मंत्री ने विदा लेने के बाद क्या किया?**

**क.** अपने घर लौट आया **ख.** राजधानी में गया

**ग.** शिक्षा प्राप्त की **घ.** अन्य देशों की यात्रा की

**v) कहानी सुनाने का उद्देश्य क्या था?**

**क.** अपने शिष्यों को प्रेरणा देना **ख.** खेल करवाना

**ग.** मनोरंजन करना **घ.** शिष्यों को डाँटना

**08. काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **5x1=5**

नीले नयनों सा यह अंबर काली पुतली से यह जलधर
करुणा विगलित अश्रु बहाकर
धरती की चिर प्यास बुझाई
बूढ़ी धरती शस्य शयामला बनने को फिर से ललचाई
पहली बूँद धरा पर आई

**i) इन पंक्तियों में किस ऋतु का वर्णन है?**

**क.** ग्रीष्म **ख.** शरद **ग.** वर्षा **घ.** हेमंत

**ii) 'काली पुतली से यह जलधर' में 'काली पुतली' से कवि का क्या तात्पर्य है?**

**क.** बिजली चमकना **ख.** आसमान **ग.** काले बादल **घ.** आँखें

**iii) 'बूढ़ी धरती' से कवि का क्या अभिप्राय है?**

**क.** नई धरती **ख.** पुरानी धरती **ग.** गंदी धरती **घ.** सूखी और मुरझाई धरती

**iv) आसमान किसकी दशा देखकर वर्षा रूपी आँसू बहाने लगा?**

**क. बादल** **ख.** धरती **ग.** इनसान **घ.** जानवर

**v) इस कविता में 'पहली बूँद धरा पर आई' का क्या तात्पर्य है?**

**क.** नई फसल का आगमन **ख.** धरती का पहला हिस्सा

**ग.** आकाश का साफ होना **घ.** बारिश की शुरुआत

**09. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए-** **5x2=10**

**क**) कविता में मँझधारों के माँझी को नमन क्यों किया गया है?

**ख**) मंत्री ने अपने मित्र की सहायता कैसे की?

**ग)** मेहमान ने सहिजन का पेड़ क्या सोचकर काटा?

**घ)** लेखिका ने अनमोल धरोहर किसे कहा है?

**ड.)** मित्र की निर्धनता देखकर धनी मित्र ने अपने पिताजी से क्या कहा?

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए-** **5x3=15**

**क**) व्यापारी मित्र का व्यापार नष्ट कैसे हो गया?

**ख)** बिटिया द्वारा भेजे गए जन्मदिन कार्डों में पहले और अब लेखिका क्या अंतर महसूस करती हैं?

**ग)** रिश्तेदार के सामने भोजन के समय भाइयों ने परिवार की बुरी दशा छिपाने के लिए क्या किया?

**घ)** पुराने समय में डाकिए की भूमिका बहुत महत्त्वपूर्ण थी - यह कैसे पता चलता है?

**ड.)** दूसरी दीवाली पर मेहमान को विदा करते समय भाइयों ने क्या कहा?

**11. सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **1+2+2=5**

**क)** आप अपने देश की रक्षा कैसे करेंगे? अपने विचार लिखिए।

**ख)** हर रोज अब्दुल का व्यवहार कैसा होता था?

**ग)** क्रांतिकारियों ने एक साथ भोजन क्यों किया?

******